# Daily Current Affairs 15 August 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 14 अगस्त को मनाया गया विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस
• वर्ष 2021 में भारत सरकार ने प्रतिवर्ष 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के रूप में आयोजित करने की घोषणा की है। इसके आयोजन का उद्देश्य विभाजन के दौरान आम जनमानस द्वारा झेले गए दर्द और पीड़ा को याद करना है। अगस्त 1947 में जब अंततः ब्रिटिश शासकों ने भारत छोड़ा तो देश को दो स्वतंत्र राष्ट्र राज्यों में विभाजित कर दिया गया- भारत और पाकिस्तान।

2. चिनाब नदी पर दुनिया के सबसे ऊँचे रेल पुल के 'गोल्डन जॉइंट' का किया गया उद्घाटन
• 13 अगस्त, 2022 को जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में चिनाब नदी पर दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुल संपर्क के दो सिरों को जोड़ने का काम (गोल्डन जॉइंट) पूरा हो गया। पुल का निर्माण 28,000 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से किया जा रहा है।
• यह 111 किलोमीटर लंबे कटरा-बनिहाल रेलवे खंड को पूरा करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है, जिसके लिए हिमालय की पहाड़ियों का खनन किया जा रहा है। इसमें 97 किमी टनलिंग परियोजना के लिए की जानी है और अब तक लगभग 86 किमी टनलिंग का काम पूरा हो चुका है।

3. भारत में रामसर स्थलों की सूची में 11 और आर्द्रभूमि जुड़ीं
• भारत में स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में देश में 13,26,677 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करते हुए कुल 75 रामसर स्थलों को बनाने के लिए 13 अगस्त, 2022 को रामसर स्थलों की सूची में 11 और आर्द्रभूमि शामिल की गई हैं।
• 11 नए स्थलों में तमिलनाडु में चार, ओडिशा में तीन, जम्मू-कश्मीर में दो और मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र प्रत्येक में एक शामिल हैं। इन स्थलों को नामित करने से इन आर्द्रभूमियों के संरक्षण और प्रबंधन तथा इनके संसाधनों के कौशलपूर्ण रूप से उपयोग करने में सहायता मिलेगी।

4. चीन में फैला लैंग्या हेनिपा वायरस
• कोविड-19 और मंकीपॉक्स के मामलों के बीच एक नए जूनोटिक लैंग्या हेनिपावायरस ने चिंता बढ़ा दी है। लैंग्या हेनिपावायरस नाम का यह वायरस अब तक चीन के शेडोंग और हेनान प्रांतों में सैकड़ों लोगों को संक्रमित कर चुका है। लैंग्या वायरस का पहला मामला वर्ष 2019 में सामने आया था।
• लैंग्या वायरस को जैव सुरक्षा स्तर-4 (BSL4) रोगजनकों के बीच वर्गीकृत किया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार 25 जंगली जानवरों की प्रजातियों पर हुए परीक्षण के नतीजे बताते हैं कि छछूंदर (shrew) (चूहे जैसा दिखने वाला एक छोटा कीटभक्षी स्तनपायी) लैंग्या हेनिपावायरस फैलाने का प्रमुख कारण हो सकता है।

5. दिग्गज निवेशक राकेश झुनझुनवाला का हुआ निधन

# Daily Current Affairs 15 August 2022

• 14 अगस्त, 2022 को शेयर बाजार के दिग्गज निवेशक और कारोबारी राकेश झुनझुनवाला का मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया है। झुनझुनवाला 62 साल के थे। राकेश झुनझुनवाला का जन्म 5 जुलाई 1960 को हुआ था।
• वे एक चार्टर्ड अकाउंटेंट थे। वे मुंबई में एक राजस्थानी परिवार में पले-बढ़े। उनके पिता आयकर आयुक्त के रूप में काम करते थे। उन्होंने सिडेनहैम कालेज से स्नातक किया और उसके बाद इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स आफ इंडिया में दाखिला लिया।

6. सैनिटरी प्रोडक्ट्स फ्री में मुहैया कराने वाला दुनिया का पहला देश बना
• स्कॉटलैंडस्कॉटलैंड सैनिटरी प्रोडक्ट्स को फ्री करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। संसद में पीरियड प्रोडक्ट्स बिल अगस्त, 2022 में ध्वनिमत से पास हो गया है। कानून के तहत सभी सार्वजनिक संस्थानों को पीरियड प्रोडक्ट्स फ्री उपलब्ध कराया जाएगा।
• सभी के लिए पीरियड प्रोडक्ट्स का कानून बन जाने से सरकार ने एक साल में 24 मिलियन पाउंड्स खर्च का अनुमान लगाया है। दो साल पहले स्कॉटलैंड ने स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी में पीरियड प्रोडक्ट्स को मुफ्त मुहैया कराने की शुरुआत की थी।

7. बांग्लादेशी वास्तुकार मरीना 'लिस्बन ट्राइनेले लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' जीतने वाली पहली दक्षिण एशियाई बनीं
• प्रसिद्ध बांग्लादेशी वास्तुकार, शोधकर्ता और शिक्षक मरीना तबस्सुम प्रतिष्ठित लिस्बन ट्राइनेले मिलेनियम बीसीपी लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड जीतने वाली पहली दक्षिण एशियाई बनीं है। लिस्बन आर्किटेक्चर ट्राइनेले जूरी ने स्थानीय समुदायों के साथ काम का एक प्रेरक उदाहरण पेश करने के लिए मरीना तबस्सुम की प्रशंसा की, जो कि सबसे प्रतिकूल परिस्थितियों में भी दुनिया भर में सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं।

8. पंजाब में एक विधायक, एक पेंशन योजना हुई लागू
• पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित से मंजूरी के बाद राज्य सरकार ने पंजाब राज्य विधानमंडल सदस्य (पेंशन और चिकित्सा सुविधाएं विनियमन) अधिनियम, 2022 नामक एक अधिनियम को अधिसूचित किया, जो राज्य में 'एक विधायक, एक पेंशन' योजना लागू करता है।
• 30 जून को राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयक को राज्यपाल की सहमति मिल गई है। अधिनियम पंजाब राज्य विधानमंडल सदस्य (पेंशन और चिकित्सा सुविधाएं विनियमन) अधिनियम, 1977 में संशोधन करता है।

9. टोक्यो ओलंपियन भवानी देवी ने कॉमनवेल्थ फेंसिंग चैंपियनशिप 2022 में जीता गोल्ड मेडल
• भारतीय फेंसर खिलाड़ी भवानी देवी ने कॉमनवेल्थ फेंसिंग चैंपियनशिप 2022 में सीनियर महिला सबरे व्यक्तिगत वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की वेरोनिका वासिलेवा को 15-10 से हराकर लंदन में खिताब जीता है। भवानी देवी ने दूसरी बार खिताब जीता है क्योंकि उन्होंने 2019 में इसी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था।
• चेन्नई की फ़ेंसर भवानी देवी का अब तक का शानदार करियर रहा है, क्योंकि उन्होंने टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली एकमात्र भारतीय फ़ेंसर बनकर इतिहास रचा दिया था। बता दें कि लंदन में कॉमनवेल्थ फेंसिंग चैंपियनशिप 2022 उनका इस साल का 10वां अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट था।

# Daily Current Affairs 15 August 2022

10. मेघालय दूसरे उत्तर-पूर्व ओलंपिक खेल 2022 की करेगा मेजबानी

• मेघालय दूसरे उत्तर पूर्व ओलंपिक खेलों 2022 की मेजबानी करेगा, जो 30 अक्टूबर से 6 नवंबर, 2022 तक आयोजित किया जाएगा। पहला संस्करण 2018 में मणिपुर में केवल 12 विषयों के साथ आयोजित किया गया था। इस संस्करण में, आठ पूर्वोत्तर राज्यों के लगभग 4,000 प्रतिभागी शिलांग में फैले 13 स्थानों पर 18 विषयों में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

• कुल 18 विषयों को अंतिम रूप दिया गया है - तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, मुक्केबाजी, फुटबॉल, जूडो, कराटे, निशानेबाजी, तैराकी, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, टेनिस, वुशु, साइकिलिंग, गोल्फ, भारोत्तोलन और कुश्ती।